सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

करौली, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रट सभागार में सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सडक सुरक्षा समिति के एजेन्डा पर बिन्दुवार चर्चा कर प्रगति रिपोर्ट के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

बैठक में यातायात व परिवहन से संबंधित विभिन्न निर्णय लिये जाकर विभागवार करवाये जाने वाले कार्यो एवं आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। वहीं अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो ग्राम पंचायत कार्यालय एवं स्कूल जो हाईवे से लगते हुए हों को चिन्हित करें जिससे वहां आवश्यकता अनुसार चेतावनी साईन बोर्ड, रोड मार्क, रम्बल स्ट्रीपस् सहित अन्य सुरक्षा उपकरण लगवाये जा सके। उन्होंने बैठक में जिले हाईवे व सडकों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने, ट्रेक्टर-ट्रॉली में लाउड स्पीकर बजाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने, ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्यवाही करने, आमजन को आईएसआई मार्क का हैलमेट पहनने हेतु जागरूक करने सहित अन्य सडक सुरक्षा संबंधित दिशा निर्देश दिये बैठक में पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, सानिवि के अधीक्षण अभियन्ता जयलाल मीणा सहित आदि उपस्थित रहे।

पीपल पूर्णिमा पर भगवान कल्याणजी की कलश यात्रा निकाली

गंगापुर सिटी, (निसं)। सोमवार को बैसाख मास की पूर्णिमा पर भगवान कल्याणजी की वार्षिक कलश यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों भक्तों ने भाग लिया। कलश यात्रा से पहले श्री कल्याणजी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की गई। भगवान की प्रतिमा को फूलों से सजे रथ में विराजमान किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा ने रथ के सारथी का दायित्व संभाला। यात्रा में 251 से अधिक महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाती हुई चलीं। भक्तगण भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। यात्रा बैंडबाजे और गाजे-बाजे के साथ निकली।

कार्यकारिणी सदस्य धर्मदेव आर्य के अनुसार यात्रा का मार्ग श्रीजी मंदिर से शुरू होकर घासमंडी, चौपड बाजार, खारी बाजार होते हुए देवी स्टोर चौराहा तक गया। फिर पुरानी अनाज मंडी में सीतारामजी मंदिर की परिक्रमा के बाद कल्याणजी मंदिर पर समाप्त हुई। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा से यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बजाज ट्रस्ट के पदाधिकारी, अग्रवाल सम्मेलन के वरिष्ठ सदस्य और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनमें ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार

बैसाख मास की पूर्णिमा पर भगवान कल्याणजी की वार्षिक कलश यात्रा निकाली

- पीपल पूर्णिमा पर कल्याण जी महाराज नगर भ्रमण पर निकले
- अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा ने रथ के सारथी का दायित्व संभाला
- रथयात्रा व कलश यात्रा का अग्रवाल समाज ने किया स्वागत

गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक बंसल और कार्यक्रम संयोजक नरेश बजाज प्रमुख थे। कल्याण जी महाराज की रथ शोभा यात्रा का अग्रवाल समाज समिति के द्वारा व्यापार मंडल पर कल्याण जी महाराज की पूजा अर्चना कर सारथी बने अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा का साफा व माला पहनाकर सम्मान कर पुष्प वर्षा कर एवं ठण्डाई पिलाकर स्वागत किया गया।

बजाज ट्रस्ट के पदाधिकारीयों एवं वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष राकेश लाला का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को ठंडाई पिला गई। इस मौके पर अग्रवाल सम्मेलन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश चंद गुट्टा, प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग, जिला अध्यक्ष गोविंद प्रसाद बरनाला, समाज समिति अध्यक्ष मोहनलाल कुनकटा, मिर्जापुर समाज अध्यक्ष लक्ष्मी महोली, राधा मोहन गोयल, पूर्व उपसभापति दीपक सिंघल, महामंत्री सतीश चंद्र, उपाध्यक्ष मोहनलाल मित्तल, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद एए ओ, दिनेश चंद, अशोक मंगल, गोपाल सेवा, वेद प्रकाश मंगल, गोपाल बैराडा, मनीष गुप्ता, गोपाल सलेमपुर, प्यारेलाल गर्ग, मंगती लाल, वासुदेव बंसल, जितेंद्र बुक सेलर, बाबूलाल, कैलाश मित्तल, नवल गुप्ता, पुरण गर्ग, अग्रवाल महिला मंडल जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग, महिला मंडल अध्यक्ष पदमा अग्रवालआदि सहित समाज के सैकडो महिला पुरुष उपस्थित रहे।

खेड़ा जमालपुर में दो साल बाद शुरू हुआ जलाशय का निर्माण

- ग्रामीणों ने संपर्क पोर्टल और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की थी

हिण्डौन सिटी, (निसं)। जल जीवन मिशन के तहत खेडा जमालपुर गांव में दो वर्ष पूर्व स्वीकृत उच्च जलाशय के निर्माण कार्य ने ग्रामीणों की शिकायत और आंदोलन की चेतावनी के बाद आखिरकार रफ्तार पकड ली है। सियाराम पटेल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने राजस्थान संपर्क पोर्टल और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की थी, जिसके बाद संवेदक ने कार्य शुरू कर दिया।

दो साल पहले जल जीवन मिशन के तहत उच्च जलाशय निर्माण के लिए श्मशान घाट के पास गड्ढा खोदा गया था, लेकिन संवेदक की लापरवाही से मिट्टी को श्मशान घाट के मुख्य द्वार पर ही डाल दिया गया। इससे अंतिम संस्कार के लिए आने वाले ग्रामीणों और पीडित परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों की बार-बार शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार, सियाराम पटेल ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज की और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्टेट हाईवे पर जाम लगाने की चेतावनी दी।मामले को समाचार पत्रों में प्रमुखता से उठाए जाने के बाद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरकत में आया। अधीक्षण अभियंता प्रकाश चंद मीणा ने संवेदक जय मां गायत्री इंटरप्राइजेज को तत्काल कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। स्वास्तिक कंसलटेंट के कर्मचारी जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य शुरू कर दिया। संवेदक ने बताया कि सामान्यत: 22 मीटर ऊंचाई पर उच्च जलाशय का निर्माण किया जाता है, लेकिन गांव में पानी की सप्लाई के लिए यह पर्याप्त नहीं था। इसलिए 2 मीटर अतिरिक्त ऊंचाई बढाने का प्रस्ताव भेजा गया। अब 24 मीटर ऊंची टंकी का निर्माण शुरू हो चुका है। अधिकारियों के अनुसार, अगले 8 महीनों में निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद गांव में जल संकट से राहत मिलने की उम्मीद है।ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई कि समय पर कार्य पूरा होने से उन्हें शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सकेगी।

अजय नौवीं बार जिला अध्यक्ष मनोनीत

करौली, (निसं)।राजपूत सभा जयपुर की ओर से गठित की गई चुनाव पर्यवेक्षक समिति की उपस्थिति में करौली निवासी अजय सिंह जादौन नवी बार निर्विरोध रूप से जिला अध्यक्ष के पद पर चुने गए हैं।

करौली कलेक्ट्रेट के सामने स्थित महाराजा गोपाल सिंह राजपूत छात्रावास में शनिवार को श्री राजपूत सभा जयपुर के निर्देश अनुसार बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता चुनाव प्रवेक्षक संगठन मंत्री अजय पाल सिंह, सदस्य जयवीर सिंह जीरोता, लोकेंद्र सिंह लोटवाडा की उपस्थिति में चुनाव कार्यवाही शुरू की गई जिसमें जिला कार्य समिति, तहसील पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे इस दौरान संगठन की रीति नीति और नवीन जिला अध्यक्ष के पद को लेकर चर्चा की गई जिसमें सर्वसम्मति से अजय सिंह जादौन को नौवीं बार निंविरोध रूप से श्री राजपूत सभा करौली का जिला अध्यक्ष चुना गया जिस पर सभी ने सहमति जताई। इस अवसर पर एडवोकेट ऊधौसिंह, वेद प्रताप सिंह उर्फ लालाजी, धर्मेंद्र सिंह, अजीत सिंह जादौन, दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

टीन शेड व वाटर कूलर का लोकार्पण

करौली, (निसं)। भोजनशाला समिति अध्यक्ष बाला साहब और सदस्य समाजसेवी बबलु शुक्ला ने बताया कि उप जिला कलेक्टर करौली प्रेमराज मीणा के मुख्य आतिथ्य एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम जाट, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल करौली रामकेश मीणा,कोतवाली थानाधिकारी अध्यात्म गौतम के विशिष्ट आतिथ्य एवं भोजनशाला समिति संरक्षक डॉ प्रकाश व्यास की अध्यक्षता सहित शहर के प्रमुख लोगो की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों के करकमलों से टीन शेड एवं वॉटर कूलर का जनउपयोगार्थ लोकार्पण किया गया।

मां अन्नपूर्णा भोजन शाला में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि।

स्व पंडित गिर्राज प्रसाद शुक्ला मंडरायल बालों की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी लीला देवी पुत्र पवन शुक्ला,पुत्रबधू नीतू शुक्ला,गगन शुक्ला की ओर से भोजनशाला के बरामदे पर धूप एवं बारिश से बचाव हेतु टीन शेड निर्माण कराया गया !साथ ही परिसर में राधा देवी बंसल धर्मपत्नी रिद्धि चंद बंसल,पुत्र विशाल बंसल, रूबी बंसल की ओर से शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वॉटर कूलर भेंट किया गया सभी अतिथि सहित उपस्थित प्रबुद्धजनों ने दोनों भामाशाहों के द्वारा किए गए पुण्य पारमार्थिक सेवा सहयोग कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही और जितने भी सक्षम योग्य व्यक्ति है उनसे भी सामाजिक सरोकारों से जुडे कार्यों में सहयोग करने की अपील की कार्यक्रम की विशेष बात रही कि अतिथियों ने स्वयं के स्थान पर भोजन बनाने वाली महिला और भोजन करने वाले एक व्यक्ति से उद्घाटन का फीता कटवा कर अनुकरणीय मिसाल पेश की इस अवसर पर अठावाल समाज के जिलाध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश राजोरिया,कैलाश हरदैनिया, समाजसेवी बबलु शुक्ला ने भी अपने संबोधन के माध्यम से ऐसे पुनीत पुण्यार्थ कार्य करने के लिए भामाशाहो का आभार जताया मां अन्नपूर्णा नि:शुल्क भोजनशाल का विगत तेरह वर्षों से निरंतर सफल संचालन किया जा रहा है जिला अस्पताल एवं कोतवाली के बीच स्थित नई सब्जी मंडी के पीछे संचालित मां अन्नपूर्णा नि:शुल्क भोजनशाला में संतो,असहायों,दिव्यांगों,विधवाओं,निर्धन वर्ग के लोग अर्थात सभी जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए दोनों समय प्रात: 10 बजे से दोपहर एक बजे तक एवं शाम 6 बजे से 8 बजे तक शुद्ध, गर्म गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाता है जन्मदिन,वैवाहिक वर्षगांठ, पुण्यतिथि सहित दिवस एवं त्यौहार विशेष पर विभिन्न लोगों द्वारा भोजनशाला में भोजन कराया जाता है।

भंडारे में हजारो लोगों ने पाई प्रसादी

करौली, (निसं)। करौली में संत गोमतीदास मेमोरियल संस्थान द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में हजारो कि संख्या मे लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

संत गोमतीदास मेमोरियल संस्थान द्वारा आयोजित 121 श्रीमद्भागवत मूल पारायण एवं भागवत कथा का समापन हुआ। यादववाटी गोशाला परिसर में सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। भंडारे की तैयारियों में 125 से अधिक हलवाई जुटे रहे प्रसादी के लिए 70 क्विंटल गेहूं का आटा, 70 क्विंटल गुड और 70 क्विंटल कद्दू का प्रबंध किया गया है। इसके अलावा 8 क्विंटल कच्चा आम और 150 पीपा घी की व्यवस्था की गई है। करीब 70 हजार दोना-पत्तलें मंगाई गई वही एक दर्जन से अधिक भट्टियों पर हलवाई व्यंजन तैयार करते नजर आये सोमवार को प्रात: 9:00 बजे गुरूदेव के जयकारो के साथ भंडारे का शुभारंभ हुआ पहली पंगत मे संत, महात्मा, कन्या लुगुरा को प्रसादी ठाहण कराते हुए दक्षिणा दी इसके बाद भंडारे में भोजन प्रसाद ग्रहण करने वाले लोगो कि संख्या बढती गई यादव वाटी गोशाला के अलावा समीप ही अशोका गार्डन मे प्रसादी कि व्यवस्था कि गई जहा लोगो ने पंगत मे बैठकर देर रात तक पुआ, कद्दू कि सब्जी कि प्रसादी ग्रहण कि भंडारे के चलते वजीरपुर गेंट से लेकर कलेक्ट्रेट सर्किल तक सडक के दोनो किनारो पर वाहन खडे होने से जाम जैसी स्थिति बनती रही हालांकि पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम व यातायात पुलिस के जवान एव कोतवाली थाना पुलिस भंडारा स्थल के पास कानून एव शांति व्यवस्था व सुगम यातायात व्यवस्था बनाते नजर आये।

बस ने ऑटो को मारी टक्कर, दो की मौत

हलैना/भरतपुर, (निसं)। जयपुर से आगरा वाया भरतपुर होकर जा रही प्राइवेट बस ने जयपुर शहर से आगरा रोड टनल से निकलने के बाद करीब 12 किमी दूरी पर पुरानी चुंगी के पास ऑटो में टक्कर मार दी। जिस हादसे में ऑटो में सवार दो यात्रियों की मौत हो गई तथा तीन जने गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बस में सवार दूसरा चालक हादसा स्थल से बस को भगा कर ले गया, जिसका पुलिस ने पीछा किया, तो चालक से बस का सन्तुलन बिगड गया और बस डिवाइडर से टकरा गई। बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई और सभी यात्री बाल-बाल बच गए।

साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित

करौली, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट में आवश्यक सेवाओं के सम्बन्ध में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार की मंशा अनुरूप आगामी मानसून के देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मार्मिक पहल हरियालो राजस्थान के तहत वृहद वृक्षारोपण महाअभियान को जिले में सफल बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां विभागवार सुनिश्चित करने के निर्देश समस्त विभागाध्यक्षों को दिये।बैठक में कृषि,सड़क,पेयजल व विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग निस्तारण समय आदि की जिले में प्रगति की समीक्षा की। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि समस्त अधिकारी राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त कार्यालय, मानवाधिकार आयोग कार्यालय, संभागीय आयुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, जनसुनवाई व रात्रि चैपालों में प्राप्त प्रकरणों एवं 90 दिन से लंबित चल रहे परिवादों का निर्धारित समय सीमा से पूर्व निस्तारण कर आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने गर्मी के मौसम को देखते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने पीएचईडी, विद्युत व चिकित्सा विभाग को सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिये है।उन्होंने सीएमएचओं को विभिन्न स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संस्थानों के नियमित निरीक्षण, चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने, विद्युत विभाग के अधिकारी को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए आदेशित किया। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित जलापूर्ति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जन-स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रकाशचंद मीना को निर्देशित किया। जिससे जिले में आगामी गर्मियों के दिनों में किसी भी प्रकार के पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने अधीक्षण अभियंता से जिले में सप्ताहभर में किए गए नल कनेक्शनों एवं मौजूदा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था से संबन्धित जानकारी प्राप्त की। जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्तमान प्रगति की समीक्षा की और अब तक जारी किए गए कार्यादेशों के तहत संचालित कार्यो की प्रगति का विस्तृत ब्यौरा भी प्राप्त किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बैठक में राजस्व, माइनिंग, सेल टैक्स, परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारण करने, ई-फाईल एवं ई-डाक पर शत-प्रतिशत कार्यवाही कर नियमित रूप से डिस्पोजल करने के निर्देश दिये।

मातृ सेवा ही ईश्वर की सेवा : दायमा

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर में जय हिंद पब्लिक स्कूल भरतपुर में मातृ-दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा की जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा व अध्यक्षता एम एस जे कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर अशोक गुप्ता ने की। भाजपा की जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने बोलते हुए कहा मातृ सेवा ही ईश्वर की सेवा है आज बच्चों को अच्छे संस्कार देने की जरूरत है और यह अच्छे संस्कार केवल माता के द्वारा ही दिए जा सकते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एम एस जे कॉलेज के प्रो. डॉक्टर अशोक गुप्ता ने की एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य वक्ता प्रोफेसर निशा गोयल, प्रो.ओज कवि शरद लंकेश पटियाली कासगंज एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी कवि एवं साहित्यकार अशोक धाकरे, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संयोजिका अनीता सिंह,कवि श्याम सिंह जघीना एवं महिला मोर्चा के जिला मंत्री चिरौंजा देवी रहे। संस्था के निदेशक कांति स्वरूप सक्सेना ने संस्था का परिचय दिया तथा अतिथियों का स्वागत किया। पटियाली कासगंज के ओज के कवि शरद लंकेश ने मां पर कविता पढ़ते हुए ये पंक्तियां प्रस्तुत कीं इस धरती से उसे अम्बर तक मां का रूप निराला है सर से लेकर पांव तलक वह रत्न जडी एक माला है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे भरतपुर के कवि श्याम सिंह जघीना,मधुर ने मां यदि जन्म नहीं देती तो कोई खड़ा नहीं होता, प्रथम गुरु मां नहीं पढ़ाती कोई पढ़ा नहीं होता कविता सुनाई। कार्यक्रम के समन्वयक एवं पूर्व डीईओ अशोक धाकरे ने हाथ पकड कर

विवेकानन्द प्ले स्कूल में मातृ-दिवस का आयोजन हुआ।

मां ने मुझको चलना फिरना सिखलाया, नई सोच संस्कारी शिक्षा देकर जग को दिखलाया रचना सुनाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय के विद्यार्थियों में ,हिमांशु एवं टीम, निकिता एवं टीम, रिया एवं टीम, निशा, नव्या, मयंक, हिमांशु, गुरुप्रीत, प्रिंस, श्वेता एवं टीम, रूबी प्रियांशी अनमोल मोहित दीक्षा तमन्ना यशिका गुरचरण एवं भूदेवी अनीशा आदि द्वारा नृत्य,गायन एवं नाटक प्रस्तुत किए गए। अंत में आभार संस्था निदेशक द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संयोजिका अनीता सिंह भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री चिरौंजा देवी,प्रो. सुनीता कुलश्रेष्ठ, ओम प्रकाश भटनागर,कमल कपूर, शैलेन्द्र सक्सेना एवं प्रियंका प्रधान सहित बड़ी संख्या में अभिभावक ,महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इसी प्रकार शहर के दयास्थली पर स्थित विवेकानन्द प्ले स्कूल में सोमवार को मातृ दिवस (मदर्स-डे) का आयोजन किया गया। विद्यालय में सभी विद्यार्थियों की माताओं को आमंत्रित किया गया था। इस दौरान नृत्य कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी माताओं ने अपने-अपने बच्चों के साथ मिलकर नृत्य किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रात: 9 बजे से हुई। 9 बजे से ही सभी माताएँ बहुत ही सुसज्जित परिधानों में अपने-अपने बच्चो के साथ विद्यालय पहुँची। कई माताएँ व बच्चे एक जैसे परिधान में प्रोठााम में भाग लेने पहुँचे, विद्यालय पहुँचते ही छोटे-छोटे बच्चों ने सभी माताओं को 1-1 गुलाब के फूल देकर उनका स्वागत किया फिर बच्चों ने अपनी-अपनी माताओ को नमस्ते की व पैर-छूकर माताओं से आशीर्वाद लिया। बच्चों ने अपनी माताओं को अपना ध्यान एवं इतना अच्छा ख्याल रखने के लिए धन्यवाद दिया। फिर सभी माताओ व बच्चों ने मिलकर नृत्य का जमकर आनंद उठाया। इस दौरान सभी बच्चों ने अपनी माताओं को मदर्स-डे विष करने के लिए अपने हाथों से निर्मित ठाीटिंग कार्डस दिए। कार्यक्रम में विद्यालय की षिक्षिका मंजू सोनी, रेनू तोमर, आरती, शोभना, निशा, शगुन अठावाल, रेनू जैन, अरूणा गुप्ता, सांत्वना, मनीषा आदि ने सभी माताओं व बच्चों को डांस मे मदद की तथा बच्चों से कार्डस बनवाने में सहयोग किया। कार्यक्रम संयोजिका ज्योति आर्य ने सभी बच्चों को माँ की पावनता को समझाया व कहा माँ अपने बच्चे के लिए कितने कश्टो का निर्वहन करके उनकी सभी जरूरतों को पूरा करती है, इसलिए सभी बच्चों को अपनी माताओ को बहुत सम्मान करना चाहिए तथा उनका कहना मानना चाहिए।

सार-समाचार

पार्षद परिवार ने की पोशाक अर्पण

करौली, (निसं)। नगर परिषद की पार्षद भारती सुमित गर्ग परिवार कि ओर से आज मंगलवार को मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में छप्पन भोग का आयोजन होगा इससे पूर्व परिवार के सदस्य, इष्ट मित्रों व सगे संबंधियों द्वारा भगवान को पोशाक अर्पण की गई। करौली नगर परिषद की पार्षद भारती सुमित गर्ग परिवार की ओर से आज मंगलवार को जन-जन के आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा एवं रात्रि को कोतवाली थाने के सामने 'गिवि पैलेस में भजन संध्या का आयोजन होगा इससे पूर्व सोमवार को शाम पार्षद परिवार की ओर से सायनाथ खिड़कियां स्थित निवास से बैंड बाजे के साथ पोशाक यात्रा निकाली गई पोशाक यात्रा में शामिल महिला,पुरुष हाथों में भगवान के वस्त्र,फल,फूल,मिष्ठान लेकर चल रहे थे तो वही युवा और महिलाएं बैंड की धुन पर बज रहे मधुर भजनों पर नाचते गाते आति'ाबाजी करते भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे पोशाक यात्रा शहर की अनाज मंडी,सदर बाजार,फूटाकोट होते हुए मदन मोहन जी मंदिर पहुंची जहां लोगों ने भगवान के चरणों में पोषक अर्पण की।

पशु चिकित्सालय का किया निरीक्षण

करौली, (निसं)।जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने खेड़ा में उपस्वास्थ्य केंद्र,आयुर्वेद औषधालय एवं पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका, दवाइयां की उपलब्धता, जाँच उपकरणों की कार्यशीलता, रोग प्रतिरोधक टीकों, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली आयुर्वेदिक चिकित्सालय में उन्होंने नियमित रूप से साफ-सफाई रखने और रोगियों को आयुर्वेद के माध्यम से अधिक से अधिक लाभान्वित करने एवं योग के प्रति जागरूक करने के लिए कहा जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने शनिवार को हिंडौन जिला चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया इस दौरान ओपीडी के समय मरीजों को उपलब्ध करवाए जा रहे इलाज,दवाइयां की उपलब्धता सुनिश्चित करने इसके अलावा महिला वार्ड में भर्ती मरीजों से भी बात की एवं उपलब्ध करवाए जा रहे हैं इलाज की जानकारी ली स उन्होंने निरूशुल्क दवा एवं जांच योजना के तहत मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही और मरीजों को दवा अथवा जांच में परेशानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला कलेक्टर ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि किसी भी इमरजेंसी स्थिति से निपटने के लिए स्टाफ और संसाधनों को अलर्ट मोड पर रखा जाए ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए जिला चिकित्सालय में पेयजल,नियमित रूप से साफ सफाई करवाने एवं चिकित्सा अधिकारियों को सतर्क एवं सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए इस अवसर पर उपखंड अधिकारी हेमराज गुर्जर,पीएमओ हिंडौन सिटी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्कूटी वितरण की मांग, ज्ञापन सौंपा

गंगापुर सिटी, (निसं)। राजकीय पीजी कॉलेज की छात्राओं ने स्कूटी वितरण की मांग को लेकर प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन छात्र नेता सीताराम गुर्जर के नेतृत्व में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और कॉलेज शिक्षा आयुक्त के नाम दिया गया। काली बाई स्कूटी योजना और देवनारायण स्कूटी योजना के तहत सत्र 2022-23 की स्कूटियां अभी तक वितरित नहीं की गई हैं। ये स्कूटियां कन्या कॉलेज सवाई माधोपुर में रखी हुई हैं। लंबे समय से खडी होने के कारण स्कूटियों की स्थिति खराब हो रही है। छात्राओं को इंश्योरेंस समाप्ति के संदेश प्राप्त हो रहे हैं। छात्राओं ने बताया कि सत्र 2023-24 की अधिकांश स्कूटियां वितरित हो चुकी हैं, लेकिन पिछले सत्र की स्कूटियां अभी भी लंबित हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्कूटियां नहीं दी गईं तो वे आंदोलन करेंगी। ज्ञापन देने वाले स्टूडेंट्स में कुलदीप गुर्जर, अजीत गुर्जर, मनीष गुर्जर, पदमा बाई गुर्जर, गोरंती गुर्जर, अंशु गुर्जर, अनुराधा गुर्जर, नीरज गुर्जर, सविता गुर्जर, बुलबुल गुर्जर, धोडी गुर्जर, विजय लक्ष्मी मीणा, ज्योति माहवार, साक्षी कवर, रचना जागिड, पायल सैन और नंदनी शर्मा शामिल थे।

नरेन्द्र नीता जैन बने राष्ट्रीय सचिव

गंगापुर सिटी, (निसं)। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में वर्ष 2025-26 के लिए महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। गंगापुर सिटी से नरेंद्र नीता जैन नृपत्या को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। जयपुर रीजन की कार्यकारिणी में विमल विद्या जैन गोधा को रीजन उपाध्यक्ष बनाया गया है। डॉक्टर मनोज जैन और डॉक्टर सुलेखा जैन को रीजन सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। गंगापुर निवासी मनीष सुरभि जैन सोगानी को पिंक पर्ल जयपुर की ओर से रीजन उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जयपुर में भट्टारकजी की नसियां के तोतूका सभागार में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। पिछले 15 वर्षों में पहली बार गंगापुर सिटी को राष्ट्रीय और रीजन स्तर पर इतना बडा प्रतिनिधित्व मिला है। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में नव नियुक्त पदाधिकारियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र जैन ने बताया कि गंगापुर सिटी ग्रुप को राष्ट्रीय अधिवेशन में श्रेष्ठ ग्रुप का अवॉर्ड मिला है। ग्रुप अध्यक्ष के.के. जैन को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के रूप में सम्मानित किया गया। समारोह में प्रवीण जैन गंगवाल, प्रवीण जैन कठूमर, महावीर सौगानी, सुरभि जैन, अभिनंदन जैन समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आपदा प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण दिया

गंगापुर सिटी, (निसं)। सोमवार को स्कूलों में आपदा प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सवाई माधोपुर से आई सिविल डिफेंस की टीम ने यह प्रशिक्षण दिया। यह कार्यक्रम ऑपरेशन सिंदूर के तहत किया गया। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद यह ऑपरेशन शुरू किया गया है। इस हमले में आतंकियों ने दो दर्जन से अधिक लोगों की जान ली थी। इसके बाद सेना ने आतंकी कैंप नष्ट कर दिए। शहर के 13 प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में यह मॉक ड्रिल की गई। इनमें पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल, गुरुकुल साइंस एकेडमी और विवेकानंद संस्कार स्कूल प्रमुख हैं। गुलकंदी देवी उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में सीडीआई राहुल शर्मा के नेतृत्व में टीम ने प्रशिक्षण दिया। टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने, एलपीजी से लगी आग बुझाने और हवाई हमले से बचने के तरीके सिखाए। स्कूल के प्रिंसिपल हंसराज वैष्णव ने एलपीजी सिलेंडर की आग बुझाने का प्रैक्टिकल डेमो दिया। गवर्नमेंट स्कूल के शिक्षकों ने भी बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। सवाई माधोपुर से आए नागरिक सुरक्षा विभाग के अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

पेयजल पाइप लाइन का निरीक्षण किया

भरतपुर, (निसं)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। दौरे के दौरान उन्होंने बांसी बिरहना गांव में पेयजल की समस्या से निजात दिलाने को लेकर डाली जा रही पाइप लाइन का निरीक्षण किया और शीघ्र ही पाइप लाइन डालने के कार्य को पूर्ण करने के डॉ. गर्ग ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। डॉ. गर्ग ने पिछले दिनों बांसी बिरहना सहित आस पास के गांवों में पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से जलदाय विभाग के अधिकारियों को पाइप लाइन डलवाने के लिये निर्देशित किया था। उनकी पहल पर बांसी बिरहना क्षेत्र में पानी की पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू कराया गया है। जिसका डॉ. गर्ग ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और जलदाय विभाग के अधिकारियों को शीघ्र ही पाइप लाइन डलवाकर पेयजल सप्लाई शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिये ताकि बांसी बिरहना सहित आस पास के क्षेत्र के लोगों को पेयजल उपलब्ध हो सके और पानी की समस्या से उन्हें निजात मिल सके। डॉ. ने विधान सभा क्षेत्र के शहर के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा घना जाटौली, सुनारी, खैमरा खुर्द, बांसी बिरहना, ऊंदरा, सूती सहित कई गांवों में पहुंचकर लोगों के दु:ख दर्द में शामिल होकर पीडितों को ढांढस बंधाया तो वहीं विभिन्न वैवाहिक व सामाजिक कार्यक्रमों में भी शिरकत की।